सिंह, सुनीता यादव, अजय पाल, ज्योति यादव,
सनिता यादव, अंजू शर्मा, सुशीला, निर्मला,

## रीजनल सेंटर में हर्षोल्लास से मनाई दीपावली



रेवाड़ी। रीजनल सेंटर में रंगोली के माध्यम से दीपावली की बधाई देती।

**कोसली।** कृष्ण नगर स्थित भगत सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने रंगोली के माध्यम से दीपावली के पर्व पर खुशियां बांटी। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सुदेश ने रीजनल सेंटर की सभी शिक्षकों, छात्राओं और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्योहार हमें प्रकाश, ज्ञान और सुख की ओर ले जाता है। रीजनल सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि रंगोली की परंपरा एक अच्छा उदाहरण है कि कैसे कला और संस्कृति के मेल से हम अपने त्योहारों को सुंदर बना सकते हैं। डा.अनिल कुमार ने छात्रा की रंगोली की सराहना की। इस अवसर पर डा. रीनू यादव, नीलम यादव व अंजलि पांचाल सहित छात्रा महक, मध व साक्षी मौजूद थी।

# महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में छात्राओं ने बनाई रंगोली



**नाहड़** | महिला रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर में अंग्रेजी विभाग से एमए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने दीपों वाली रंगोली बनाई। कुलपति प्रो. सुदेश ने रीजनल सेंटर की शिक्षकों, छात्राओं और कर्मचारियों को बधाई संदेश दी। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्यौहार हमें प्रकाश, ज्ञान और सुख की ओर ले जाता है। निदेशक डॉ. यशपाल शर्मा ने कहा कि छात्रा खुशी की रंगोली ने सबको आकर्षित किया है। डॉ. अनिल कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। डॉ. रीनू यादव, नीलम यादव व अंजलि पांचाल ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

# वेबीनार में छात्राओं को स्मार्ट निवेश की दी जानकारी

संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में कामर्स विभाग के सौजन्य से भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) द्वारा स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम के तहत आनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार में सेबी हर निवेशक की ताकत विषय पर चर्चा की गई। स्मार्ट मार्केटिंग की ट्रेनर रितु बाला ने लर्न टू अर्न की जानकारी देते हुए निवेश के बारे में शिक्षित किया। उन्होंने बताया कि मार्केट में निवेश करने से पहले निवेशक को अपने लक्ष्यों

**वेबीनार में स्मार्ट मार्केटिंग की ट्रेनर ने लर्न टू अर्न की जानकारी देते हुए निवेश के बारे में विद्यार्थियों को शिक्षित किया**

को निर्धारित करना चाहिए व उन्हें प्राप्त करने के लिए योजना बनानी चाहिए। इसके अतिरिक्त मार्केट में निवेश करने से पूर्व अपने जोखिम को समझना चाहिए व उसे प्रबंधित करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को आनलाइन फ्राड से बचने के उपायों की जानकारी भी दी व जिज्ञासाओं के उत्तर दिए। निदेशक डा. यशपाल शर्मा व डा.अनिल कुमार ने बेबीनार के लिए आभार व्यक्त किया।

# रंगोली के माध्यम से दीं पर्व की शुभकामनाएं




कृष्ण नगर गांव स्थित रीजनल सेंटर में रंगोली बना बधाई देतीं छात्राएं ● जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण ● कोसली** : कृष्ण नगर गांव स्थित भगत सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने रंगोली के माध्यम से दीवाली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सुदेश ने रीजनल सेंटर की सभी शिक्षकों, छात्राओं व कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीवाली का त्योहार हमें प्रकाश, ज्ञान और सुख की ओर ले जाता है। इस अवसर पर निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि रंगोली की परंपरा एक अच्छा उदाहरण है कि कैसे कला और संस्कृति के मेल से हम अपने त्योहारों को सुंदर बना सकते हैं। डा.अनिल कुमार ने छात्रा खुशी की रंगोली की सराहना करते हुए सभी को दीवाली की बधाई दी। इस अवसर पर डा. रीनू यादव, नीलम यादव, अंजलि पांचाल, महक आदि मौजूद रहीं।

# रीजनल सेंटर में स्मार्ट निवेशक जागरूकता पर वेबीनार का आयोजन

कोसली। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर गांव स्थित रीजनल सेंटर में कॉमर्स विभाग की ओर से से भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड यानि सेबी की ओर से स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम के तहत ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार में सेबी हर निवेशक की ताकत विषय पर चर्चा की गई। स्मार्ट मार्केटिंग की ट्रेनर रितु बाला ने विद्यार्थियों को लर्न टू अर्न की जानकारी देते हुए निवेश के बारे में शिक्षित किया। उन्होंने बताया कि मार्केट में निवेश करने से पहले निवेशक को अपने लक्ष्यों को निर्धारित करना चाहिए और उन्हें प्राप्त करने के लिए योजना बनानी चाहिए। इसके अतिरिक्त मार्केट में निवेश करने से पूर्व अपने जोखिम को समझना

- वेबीनार में सेबी हर निवेशक की ताकत विषय पर चर्चा की गई .
- स्मार्ट मार्केटिंग की ट्रेनर रितु बाला ने विद्यार्थियों को लर्न टू अर्न की जानकारी देते हुए निवेश के बारे में शिक्षित किया

दैनिक भास्कर
रेवाड़ी भास्कर 19-10-2025

# रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में मार्केट में निवेश को लेकर हुआ वेबिनार

भास्कर न्यूज़ | नाहड़

गांव कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में कॉमर्स विभाग से डॉ. अंजलि यादव व अंजलि पांचाल के नेतृत्व में भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) द्वारा स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें \'सेबी: हर निवेशक की ताकत' पर चर्चा की गई।

इस वेबिनार में स्मार्ट मार्केटिंग ट्रेनर रितु बाला ने मुख्य वक्ता के रूप में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने निवेशकों को मार्केट के बारे में जानकारी दी और उन्हें निवेश के बारे में शिक्षित किया। रितु बाला ने बताया कि मार्केट में निवेश करने से पहले निवेशकों को अपने लक्ष्यों को निर्धारित करना चाहिए और उन्हें प्राप्त करने के लिए एक योजना

दैनिक भास्कर
रेवाड़ी भास्कर 19-10-2025

# रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में मनीषा, अन्नू, प्रिया व दिव्या बनी मिस फ्रेशर



नाहड़ | महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में कनिष्ठ छात्राओं द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया और कनिष्ठ छात्राओं ने ही मंच संचालन किया। इस दौरान नव आगंतुक छात्राओं में से मिस फ्रेशर का चयन किया गया। जिसमें पीजी से प्रिया, बीएससी से मनीषा, बी.काम से अन्नू व बीए से दिव्या मिस फ्रेशर बनीं। इस अवसर पर निदेशक डॉ. यशपाल शर्मा ने कनिष्ठ और नव आगंतुक छात्राएं मिलकर इस संस्थान की गरिमा को बनाए रखने और अपने इस जीवन की चुनौतियों का सामना करते हुए कैरियर बनाएंगे। डॉ. अनिल कुमार ने सभी का आभार जताया। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रीनू यादव, डॉ. पूजा व नीलम ने निभाई।

इस अवसर पर डॉ. प्रवेश भारद्वाज, डॉ. अंजलि यादव, डॉ. सोनिया यादव, अंजलि पांचाल, डॉ. राकेश, डॉ. अनिता देवी, डॉ. योगेन्द्र सिंह, सुनिता यादव, अजय पाल, ज्योति यादव, सविता यादव, मधु बाला, बिंदु यादव, सनिता यादव, अंजु शर्मा, सुशीला, निर्मला, बीरेन्द्र, रवीन्द्र व जितेंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।

IN TH
PUBLICATION
2+(a)- NARESH
KUMAR YADAV

# रीजनल सेंटर में प्रिया, मनीषा, अन्नू व दिव्या चुनी गई मिस फ्रेशर



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

कोसली। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में कनिष्ठ छात्राओं की ओर से फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर कनिष्ठ छात्राओं ने नव आगंतुक छात्राओं का स्वागत किया। पार्टी में सभी यूजी व पीजी की नव आगंतुक छात्राओं ने भाग लिया तथा मिस फ्रेशर का चयन किया गया, जिसमें पीजी से छात्रा प्रिया, बीएससी से मनीषा, बीकॉम से अन्नू व बीए से दिव्या को मिस फ्रेशर चुना गया। इस अवसर पर निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने नव आगंतुक छात्राओं को प्रोत्साहित किया। डा. अनिल कुमार ने कहा कि छात्राएं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय का सदुपयोग करे और संस्थान की गरिमा को बढ़ाए। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. रीनू यादव, डा. पूजा व नीलम ने निभाई। इस अवसर पर डा. प्रवेश भारद्वाज, डा. अंजलि यादव, डा. सोनिया यादव, अंजलि पांचाल, डा. राकेश, डा. अनिता देवी, डा. योगेन्द्र सिंह, सुनीता यादव, अजय पाल, ज्योति यादव, सविता यादव, मधु बाला, बिंदु यादव, सनिता यादव, अंजू शर्मा, सुशीला, निर्मला, बीरेन्द्र, रविंद्र व जितेंद्र उपस्थित थे।